# विण्डोज़ 10 इन्टरफेस एवं नेविगेशन (Windows 10 interface and navigation)

उद्देश्य: इस अभ्यास के अन्त में आप करने में सक्षम हो जाएगे
- **विण्डोज़ 10 डेस्कटाप में की फाइल, फोल्डर एवं ड्राइवज़ को पहचानना**
- **विण्डोज़ 10 सेटिंग की उपयोगिताओं को पहचानना**
- **कोरटाना के उपयोग से उन्नत खोज**
- **एप्लीकेशन की सेटिंग करना एवं उसे डेस्कटॉप पर पिन-अप करना ।**


## आवश्यकताएँ (Requirements)

**औज़ार/उपकरण**

- PC MS ऑफीस के साथ - 1 प्रति प्रशिक्षणार्थी


## प्रक्रिया (PROCEDURE)

कार्य - 1 : **विण्डोज़ 10 की फाइल, फोल्डर एवं ड्राइवज़ को पहचानना ।**

1 टास्कबार या स्टार्ट मेनू से फाइल एक्सप्लोरर  को खोलें ।


(शॉर्टकट विण्डोज़ लोगों +E भी दबा कर फाइल एक्सप्लोरर को खोल सकते हैं ।) (Fig 1)

Fig 1




2 दिस पीसी (This PC)  को चुने । (Fig 2)

Fig 2



3 दिये हुए ड्राइवज़ एवं आइकन्स को नोटबुक में लिखकर अनुदेशक से चेक कराएँ ।

4 किसी भी ड्राइव को चुनकर पसंदीदा फाइल या फोल्डर पर क्लिक करें। (Fig 3)


Fig 3




5 चुनी हुई फाइल के एड्रेस को लिखें । (Fig 4)

**एड्रेस एड्रेस बार में दिखाई देगा चुनी हुई फाइल का स्थान यह है - This PC > local disk (D:) > Books**

Fig 4




6 विण्डो को बंद कर दें ।


— — — — — — — —

कार्य - 2 : **विण्डोज़ 10 सेटिंग की उपयोगिताओं को पहचानना ।**

1 विण्डोज़ लोगों एवं युटिलिटिस के मेनु को देखने के लिये विण्डोज़ लोगों के साथ x कुंजी दबाएँ । (Fig 5)

2 Apps and features पर click करें । (Fig 6)


Fig 5




3 Default apps पर क्लिक करके सिस्टम में मौजूद (पहले से) apps को नोट कीजिये ।

4 डेट, समय या बैकग्राउण्ड को बदलने के लिये, वापस कुंजी दबाकर विण्डोज़ टूल्स एवं युटिलिटिस (Windows logo + X) में जायेंगे ।

Fig 6




5 सेटिंग्स चुनें ।

6 सिस्टम की सेटिंग्स बदलने के पर्सनलाईजेशन या टॉइम & लेग्वेज़ को चुनें ।

7 चेन्जेस एप्लाई करने के लिये OK पर क्लिक करके विण्डो को बंद कर दें ।(Fig 7)

Fig 7




— — — — — — — — — —

कार्य - 3 : **कोरटाना के उपयोग से उन्नत खोज**

1 टास्कबार के सर्च बॉक्स में क्लिक करें ।

2 कोरटाना से सर्च (खोज) करने के लिए नेकस्ट पर क्लिक करें । (Fig 8)

3 कोस्टाना की जल्दी से सेटअप प्रक्रिया करने के लिये, नोटबुक आइकन चुनकर सेटिंग्स चुनें ।

4 जो आप ढूँढना चाहते हैं वो टेकस्ट बॉक्स में लिखें और एंटर की दबायें अथवा सर्च न करने के लिये skip बटन पर क्लिक करें ।

Fig 8



5 शुरूआती सेटिंग्स करने के बाद आप एडवांस सर्च (अन्त खोज) कर सकते है ।(Fig 9)


6 विण्डोज़ 10 के बारे में सर्च करने के लिये माइक्रोफोन के आइकन को क्लिक करें ।

Fig 9




7 बोलकर सर्च करने के लिये कहिये "हे कोरटानः विण्डोज़ 10" (Fig 10)

Fig 10





**यदि आपके सिस्टम पर "हे कोरटाना" इनेबल नहीं है तब आप यदि आपके सिस्टम पर 'हे कोप्टाना' एबल नहीं है तो आप शार्टकट की "विण्डोज़ लोगो + शिफ्ट + C" दबाकर सर्च आइटम बोल सकते हैं ।**

8 वेब में सर्च करने के लिये सर्च बॉक्स में टाइप करें और निम्न दिये गई लिस्ट में से किसी एक आइटम पर क्लिक करें ।


**आप सीधे सर्च करने के लिये यह कमाण्ड भी उपयोग कर सकते हैं - web:search words in the search box (Fig 11)**

Fig 11





9 कम्प्यूटर में किसी भी फाइल/फोल्डर को ढूँढने के लिये उसका नाम सर्च बॉक्स में टाइप करें एवं डाक्यूमेन्टस केटेगरी पर क्लिक करें । (Fig 12)

Fig 12




10 जो टॉपिक सिर्फ एप्स तक ही सीमित हैं उन्हें ढूंढने के लिये, उस शब्द या टॉपिक का नाम टाइप करके एण्टर की दबाएँ । (Fig 13)

Fig 13




11 कोरटाना का उपयोग करके अपने स्थान का मौसम रिकॉर्ड करें तथा गणीतिय गणनाएँ करें । जैसे 42 + 8 / 23 एवं 678 x 45

12 विण्डो बंद कर दें ।

— — — — — — — —

कार्य - 4 : **एप्लीकेशन की सेटिंग करना एवं उसे टॉस्कबार या स्टॉर्ट मेनू परह पिनअप करना**


**आप किसी भी प्रोग्राम को टास्कबार पर या तो स्टॉर्ट मेन से या डेस्कटॉप से पिन कर सकते हैं ।**

1 स्टॉर्ट मेनू द्वारा पिन-अप करने के लिये, स्टॉर्ट पर क्लिक करें तथा वो एप ढूढ़े जिसे आप पिन करना चाहते हों ।

2 एप पर राइट-क्लिक करें ।


3 पिन-टू-टास्कबार पर क्लिक करें । (Fig 14)

Fig 14



4 विण्डोज़ उस प्रोग्राम के आइकन को टास्कबार पर जोड़ देगा । (Fig 15)

Fig 15



5 डेस्कटॉप से पिन-अप करने के लिये, एप को डेस्कटॉप पर देखें ।

6 एप को राइट-क्लिक करें ।


7 पिन-टू-टास्कबार पर क्लिक करें ।

8 विण्जोड़ 10 उस प्रोग्राम के आइकन को टास्कबार पर जोड़ देगा ।

9 एप को स्टार्ट मेनू में पिन करने के लिये, उसे डेस्कटॉप पर देखें ।


- एप पर राइट-क्लिक करें ।
- पिन-टू-स्टटर्ट पर क्लिक करें । (Fig 16)

Fig. 16




विण्जोड़ 10 उस प्रोग्राम के आइकान को स्टॉर्ट मेनू में जोड़ देगा । (Fig 17)

Fig 17




**किसी एप को अनपिन करने के लिये स्टॉर्ट/डेस्कटॉप/टास्कबार से अनपिन पर क्लिक करें ।**

स्टॉर्ट मेनु में किसी एप की एप्लीकेशन सेटिंग देखने के लिये, उस एप को ढूंढें।

उस एप पर राइट-क्लिक करें एवं एप-सेटिंग्स चुनें । (Fig 18)

Fig 18




यदि आप रोई सेटिंग बदलना चाहते हैं जैसे (डिफॉल्ट, अनइंस्टाल, टरमिनेट, रिसेट इत्यादि) तो इनमें से चुनें । (Fig 19)

Fig 19




— — — — — — — —

# रिमूवेबल ड्राइवस में फाइल एवं फोल्डर का प्रबंधन (Manage files and folders in Removable Drives)

उद्देश्य: इस अभ्यास के अन्त में आप करने में सक्षम हो जाएगे
- **उचित तरीके से पेन ड्राइव को इन्सर्ट करके खोलना**
- **एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके पेन ड्राइव में बेड सेक्टर एवं वायरस को चेक करना**
- **पेन ड्राइव में/से फाइल एवं फोल्डर कॉपी करना ।**

## आवश्यकताएँ (Requirements)

**औज़ार/उपकरण**
- MS ऑफीस सहित PC - 1 प्रति प्रशिक्षणार्थी


## प्रक्रिया (PROCEDURE)

कार्य - 1 : **उचित तरीके से पेन ड्राइव को इन्सर्ट करना एवं खोलना**

1 USB पोर्ट में पेन ड्राइव को इन्सर्ट करें ।

2 स्क्रीन के नीचे दाहिनी तरफ दिखाई दे रही नोटिफिकेशन पर क्लिक करें । (Fig 1)

Fig 1




3 "ओपन फोल्डर टू व्यू फाइल्स" पर क्लिक करें । (Fig 2)

Fig 2




4 पेन ड्राइव से फाइल या फोल्डर चुने ।

5 फाइल या फोल्डर को बंद कर दें ।

6 "शो हिडन आइकन" पर क्लिक करें । (Fig 3)

Fig 3




7 "सेफली रिमूव हार्डवेयर एवं इजेक्ट मीडिया" पर क्लिक करें ।

8 इजेक्ट बटन पर क्लिक करें ।

9 पेन ड्राइव तब हटाएँ जब स्क्रीन पर यह मेसेज़ दिखाई दें । (Fig 4)

Fig 4







— — — — — — — —

कार्य - 2 : **एण्टीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके पेन ड्राइव के बेड सेक्टर एवं वायरस को चेक करना**

1 पेन ड्राइव को USB पोर्ट में इन्सर्ट करें ।


2 “This PC” में जाकर पेन ड्राइव में राइट-क्लिक करें । (Fig 5)

Fig 5




3 “स्केन सेलेक्टेड फाइल्स विद अवरिया” कोई भी इन्स्टाल्ड एण्टी वायरस सॉफ्टवेयर चुनें । (Fig 6)

Fig 6




4 रिपोर्ट पर क्लिक करें । यदि वायरस या बेड सेक्टर समरी में दिखाई दें जैसा कि Fig 7 में दिखाया है अथवा close पर क्लिक करें ।

Fig 7




5 यदि वारनींग दिखाई दें तो रिपोर्ट पर क्लिक करें अथवा end पर क्लिक कर दें । (Fig 8)

Fig 8




---

कार्य - 3 : **पेन ड्राइव में/से फाइल या फोल्डर कॉपी करना**

1 USB पोर्ट में पेन ड्राइव इन्सर्ट करें ।


2 स्क्रीन के दायीं तरफ नीचे की ओर दिखाई देने वाली नोटिफिकेशन पर क्लिक करें । (Fig 1)

3 Open folder to view files पर क्लिक करें । (Fig 2)

4 पेन ड्राइव से फाइल या फोल्डर कॉपी करने के लिये उस फाइल या फोल्डर पर राइट क्लिक करें ।

5 ड्रॉप डाउन मिनू में से कॉपी चुनें । (Fig 9)

Fig 9




6 पेन ड्राइव से फाइल या फोल्डर को कॉपी करने के लिये ड्राइव या फोल्डर को चुनें ।

7 राइट क्लिक करके ड्रॉप डाउन मीनू में से पेस्ट पर क्लिक करें । (Fig 10)

Fig 10




**"send to" ऑपशन भी कॉपी के लिये उपयोग में लाया जाता है परंतु यह सिर्फ किसी ड्राइव में ही कॉपी करता है किसी विशिष्ट फाइल या फोल्डर में नहीं ।**

8 कम्प्यूटर से पेन ड्राइव में फाइल या फोल्डर कॉपी करने के लिये, जिस फाइल या फोल्डर को कॉपी करना है उसे चुने ।

9 राइट क्लिक करके ड्राप डाउन मीनू से "send to" चुनकर पेन ड्राइव चुनें ।

**किसी फाइल को राइट क्लिक करने पर कॉपी विकल्प उपयोग में लाया जा सकता है । इसके लिये पेन ड्राइव खोलकर साइट क्लिक करके पेस्ट विकल्प चुनें ।**

— — — — — — — —

# यूजर अकाउंट एवं डेस्कटॉप सेटिगंस को बदलना या कस्टमाइज़ करना (Customize desktop settings and user accounts)

**उद्देश्य:** इस अभ्यास के अन्त में आप करने में सक्षम हो जाएगे
- **डेस्कटॉप सेटिग्सं ओपन करना**
- **डेस्कटॉर सेटिंग्स को बदलना**
- **नया यूज़र बनाना**
- **यूज़र राइट्स (अधिकार) को ग्रांट एवं बदलना ।**

## आवश्यकताएँ (Requirements)

**औज़ार/उपकरण**

- MS ऑफीस सहित PC - 1 प्रति प्रशिक्षणार्थी

## प्रक्रिया (PROCEDURE)

कार्य - 1 : **कंट्रोल पेनल से डेस्कटॉप सेटिंग्स खोलना**

1 स्टार्ट मेनू पर क्लिक करें ।

2 सेटिंग्स टेब चुनें । (Fig 1)

Fig 1




3 सेटिंग्स विण्डो खुल जायेगा । (Fig 2)

Fig 2




— — — — — — — —

कार्य - 2 : **डेस्कटॉप सेटिंग्स को बदलना**

1 सेटिंग्स विण्डो को खोलें । (Fig 2)

2 सेटिंग्स विण्डो में सिस्टम पर क्लिक करें ।

3 डिस्प्ले सेंटर बदलने के लिए डिस्प्ले पर क्लिक करें । (Fig 3)

4 डिस्प्ले की ब्राडटनेस को बदलने के लिये चेंज ब्राइटनेस के बार को बाएँ या दाएँ सरकाएँ ।

5 चेंज ब्राइटनेस बार के बाएँ या दाँयी तरफ दिये गये ब्राइटनेस प्रतिशत को रिकार्ड करें ।

6 ओरिएन्टेशन चेंज करें और देखें डिस्प्ले कैसे चेंज हुआ है ।

**नोट : पुरानी ओरिएंटेशन पर वापस जाने के लिये रिर्वट पर क्लिक करें ।**


7 बैक ग्राउण्ड को बदलने के लिये, परसनलाइजेशन आइकन पर क्लिक करें । (Fig 2)

8 पर्सनलाइजेशन विण्डो को बैक ग्राउण्ड टेब किल्क करें । (Fig 4)

Fig 3





Fig 4





9 किस तरह का बैकग्राउण्ड चुनना हैं उस पर क्लिक करें । आप दिये हुए चित्रों में से या फिर ब्राउज करके अपनी पसंदीदा चित्र को चुन सकते हैं । (Fig 5)

Fig 5




10 Choose a fit में से fill चुनें । (Fig 6)


Fig. 6




11 डेट, टाइम और लेंग्वेज बदलने के लिये सेटिंग्स विण्डों में दिये गये टाइम और लेंग्वेज आइकन पर क्लिक करें । (Fig 2)


12 डेट और टाइम टेब पर क्लिक करें । यदि आप टाइम ज़ोन बदलना चाहते हैं तो टाइम जोन मीनू में से चुनें । (Fig 7)

Fig. 7




13 डेट और टाइम बदलने के लिये, सेट टाइम ऑटोमेटिकली को ऑफ कर दें और चेंज पर क्लिक करें । (Fig 8)


Fig 8



विण्डो बंद कर दें ।


14 डेट एवं टाइम टाइप करके चेंज पर क्लिक करें । (Fig 9)

Fig 9




15 डेट और टाइम का स्वरूप या फॉरमेंट बदलने के लिये चेंज डेट एण्ड टाइम फॉरमेंट्स पर क्लिक करें । (Fig 10)

Fig 10




विण्डो बंद कर दें ।

— — — — — — — —

कार्य - 3 : **नया यूज़र बनाना**


1 सेटिंग्स विण्डो ओपन करो । (Fig 2)

2 सेटिंग्स विण्डो में अकाउण्ट्स पर क्लिक करें ।

3 Fig 11 में दिये हुए email & app accounts चुनें ।


4 नया यूज़र बनाने के लिये add an account पर क्लिक करें । (Fig 11)

Fig 11





5 अपने अकाउण्ट को choose an account ड्रॉप डाउन मेनू में से चुनें । और close पर क्लिक करें । (Fig 12)

Fig 12



6 Sign-in विण्डो में ईमेल और फोन टाइप करके Next पर क्लिक करें। (Fig 13)

Fig 13




7 पासवर्ड फील्ड में पासर्वड लिखें ।

8 family या दूसरे लोगों के लिये नया यूजर अकाउण्ट बनाने के लिये family & other people टेब पर क्लिक करें । (Fig 14)

Fig 14




9 नया यूज़र जोड़ने के लिये + Add someone else to this PC पर क्लिक करें ।

10 सही ईमेल अकाउण्ट से लॉग-इन करें ।

11 Next पर क्लिक करके, पासवर्ड कन्फर्म करें ।

12 विण्डो बंद करें ।

— — — — — — — —

कार्य - 4 : **यूज़र (उपयोगकर्ता) को अधिकार प्रदान करना और उसमें संशोधन करना**


1 सेटिंग विण्डो खोलना । (Fig 2)

2 सेटिंग्स विण्डो में अकाउण्ट्स पर क्लिक करें ।

3 Fig 14 में से family & other people चुनें ।

4 उन यूज़र अकाउण्ट्स को चुनें जिन्हें अधिकार प्रदान करना है या उसमें कुछ संशोधन करना है । (Fig 15)

Fig 15




5 यदि आप कोई यूज़र अकाउंट मिटाना । हटाना चाहते हैं तो उस यूज़र एकाउन्ट पर क्लिक करके चुनें । (Fig 16)

Fig 16




6 सिस्टम में से यूजर एकाउन्ट हटाने के लिये delete account एवं data टेब पर क्लिक करें । (Fig 17)

Fig 17




7 यूज़र के अधिकार बदलने के लिये, यूज़र अकाउंट पर क्लिक करके, चेंज अकाउंट टाइप पर क्लिक करें । (Fig 18)

Fig 18




8 सिस्टम में प्रमुख परिवर्तन करने के लिये यूज़र को एडमिनिस्ट्रेल चुनें।

9 आम दैनिक कार्य करने के लिये यूज़र को स्टेण्र्डड यूज़र चुनें ।

10 OK क्लिक करके विण्डो बंद करें ।

— — — — — — — —

# सिस्टम प्रोपटीज़ एवं कंट्रोल पेनल (System properties and control panel)

उद्देश्य: इस अभ्यास के अन्त में आप करने में सक्षम हो जाएगे

- **डिवाईस मेनेजर में डेस्कटॉप घटक (components) को पहचानना**
- **कंट्रोल पेनल में क्लोक, दिनांक तथा क्षेत्रीय भाषा बदलना**
- **कंट्रोल पेनल में एप्लीकेशन्स को रिपेयर, बदलना एवं अनइंस्टाल करना ।**

## आवश्यकताएँ (Requirements)

**औज़ार/उपकरण**

- MS ऑफीस सहित PC - 1 प्रति प्रशिक्षणार्थी

## प्रक्रिया (PROCEDURE)


कार्य - 1 : **डिवाईस मेनेजर में डेस्कटॉप कम्पोनेन्ट्स को पहचानना**

1 टास्कबार में फाइल मेनेजर पर क्लिक करें ।

2 This PC टेब पर क्लिक करें ।


3 This PC में प्रोपर्टीज़ पर क्लिक करें । (Fig 1)

Fig 1




4 Fig. 2 में दिये गये डिवाइस मेनेजर पर क्लिक करें ।

Fig 2





5 मीनू में दिये गये यूनिवर्सल सीरीयल बस कन्ट्रोलर पर डबल (दो बार) क्लिक करें । (Fig 3)

Fig 3




6 USB रूट हब पर राइट क्लिक करके, डिसबेल डिवाइस चुनें । (Fig 4)

Fig 4



7 USB रूट हब में yes क्लिक करें । (Fig 5)

Fig 5





8 USB स्लोट में पेन ड्राइव इंसर्ट करें ।

9 This PC फोल्डर को चेक करें किसी भी रिमूवेबल डिवाइस/USB के लिये ।

10 डिवाइस मेनेजर में जाकर यूनिवर्सल सीरीयल बस कंट्रोल्स पर दो बार क्लिक करें ।

11 USB रूट हब पर राइट क्लिक करके, इनेबल डिवाइस को चुनें । (Fig 6)


Fig 6




12 USB स्लोट में पेन ड्राइव इंसर्ट करें ।

13 This PC फोल्डर को चेक करें कहीं कोई रिमूवेबल डिवाइस या तो दिखाई नहीं दे रहीं । (Fig 7)

Fig 7



— — — — — — — —

कार्य - 2 : **कंट्रोल पेनल में घड़ी (ब्लॉक), दिनांक तथा क्षेत्रीय भाषा बदलना**

1 सर्च बॉक्स में कंट्रोल पेनल लिखें ।

2 मीनू में से कन्ट्रोल पेनल एप चुनें । (Fig 8)

3 कन्ट्रोल पेनल से डेट एंड टाइम चुनें । (Fig 9)

Fig 8





Fig 9




4 चेंज डेट एंड टाइम पर क्लिक करें । (Fig 10)

Fig 10




5 डेट एवं टाइम चेंग (बदलकर) OK पर क्लिक करें । (Fig 11)

Fig 11





6 विण्डो बंद करें ।

7 भाषा बदलने के लिये, कंट्रोल पेनल से रीजन चुनें । (Fig 9)


8 लेंग्वेज प्रिफरेन्सेस पर क्लिक करें । (Fig 12)

Fig 12





9 + एड अ लेंग्वेज पर क्लिक करें । (Fig 13)

Fig 13




10 हम सिस्टम को जिस भाषा में काम करवाना चाहते हैं उस भाषा का नाम टाइप करें । (Fig 14)

Fig 14



11 नेक्स्ट पर क्लिक करें ।

12 इंस्टॉल पर क्लिक करें ।

13 विण्डों बंद कर दें ।


— — — — — — — —

कार्य - 3 : **कंट्रोल पेनल में एप्लीकेशन्स को रिपेयर करना, बदलना एवं अनइंस्टॉल करना**

1 कंट्रोल पेनल से प्रोग्राम एण्ड फीचर चुनें । (Fig 9)


2 ड्रॉप डाउन मीनू में से प्रोग्राम चुनें । (Fig 15)

Fig 15




3 अनइंस्टॉल/चेंज/रिपेयर पर क्लिक करें । (Fig 16)

Fig 16




4 एप्लीकेशन का अनइंस्टॉल/चेंज/रिपेयर करने के लिये YES (यस) पर क्लिक करें।

5 विण्डो को बंद कर दें ।

— — — — — — — —

## कीबोर्ड शॉर्टकट और कमाण्ड्स (आदेश) (Keyboard shortcuts and commands)

**उद्देश्य:** इस अभ्यास के अन्त में आप करने में सक्षम हो जाएगे

- **टेबल में दिए हुए विण्डोज शॉटकट कीज़ (कुंजी) को पढ़ें व उसका पालन करें**
- **विण्डोज़ की सभी शॉर्टकट कुपिओं का अभ्यास करके उनका विवरण नीचे दिये गये टेबल में लिखें ।**

### आवश्यकताएँ (Requirements)

**औज़ार/उपकरण**

- MS ऑफीस के साथ PC - 1 प्रति प्रशिक्षणार्थी

### प्रक्रिया (PROCEDURE)

कार्य - 1 : **टेबल में दी हुई सभी विण्डोज शॉर्टकट कुंजिओं को पढ़ें व उसका पालन करें ।**

| इसे दबाएँ | यह करने के लिये |
|---|---|
| विण्डोज़ लोगो | स्टार्ट मेनू टॉगल (खोलना) करना |
| विण्डोज़ लोगों + A | नोटिफिकेशन फलक (पेन) खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + B | नोटिफिकेशन क्षेत्र के शो हिटन आइसन्स ऐशे को एक्टिवेट करना (छुपे हुए आइकंस को देखने के लिये एण्टर प्रेस करें) |
| विण्डोज़ लोगों + C | वॉइस कमाण्ड्स के लिए कोरटाना खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + D | सारे खुले हुए विण्डोज़ को मिनिमाइज़ करना |
| विण्डोज़ लोगों + E | फाइल एक्सप्लोरर को रन करना |
| विण्डोज़ लोगों + F | स्टार्ट मेनू डिस्प्ले करके सर्च बॉक्स को एक्टिवेट करना |
| विण्डोज़ लोगों + H | शेयर पेन डिस्प्ले करना |
| विण्डोज़ लोगों + I | सेटिंग्स एप रन करना |
| विण्डोज़ लोगों + K | डिवाइसज़ पैन डिस्प्ले करना |
| विण्डोज़ लोगों + L | कम्प्यूटर लॉक करना |
| विण्डोज़ लोगों + M | सारे विण्डोज़ मिनिमाइज़ करना |
| विण्डोज़ लोगों + O | टेबलेट ओरिएन्टेशन लोक को ऑन और ऑफ करना |
| विण्डोज़ लोगों + P | सेकण्ड डिस्प्ले कोन्फीगर करने के लिये प्रोजेक्ट पैन (फलक) प्रदर्शित करना |
| विण्डोज़ लोगों + Q | बनी आदेशों के लिये कोरटाना खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + R | रन डायलॉग बॉक्स खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + S | कीबोर्ड आदेशों (कमाण्ड्स) के लिये कोरटाना खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + T | टास्कबार आइकन्स को सक्रिय करना (आइकंस नेविगेट करने के लिये ऐरो की का उपयोग करें) |
| विण्डोज़ लोगों + U | इज़ आफ एक्सेस सेंटर खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + W | सर्च बॉक्स सक्रिय करना |

| | |
|---|---|
| विण्डोज़ लोगों + X | विण्डोज़ टूल्स एवं यूटिलिटीज़ का मीनू प्रदर्शित करना |
| विण्डोज़ लोगों + Z | किसी एप्लीकेशन के आदेश प्रदर्शित करना (हालंकि यह केवल कुछ आधिनिक एप्लीकेशन में काम करना है) |
| विण्डोज़ लोगों + = | मेग्नीफायर एवं जूम इन खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + - | ज़ूम आउट करना (यदि पहले से ही मेग्नीफायर के द्वारा जूम इन किया हो तो) |
| विण्डोज़ लोगों + , | अस्थाई रूप से डेस्कटॉप प्रदर्शित करना |
| विण्डोज़ लोगों + Enter | नरेटर खोलना |
| विण्डोज़ लोगों + Left | वर्तमान एप को स्क्रीन के बायीं ओर स्नेप करें । |
| विण्डोज़ लोगों + Right | वर्तमान रूप को स्क्रीन के दांयी ओर स्नेप करें । |
| विण्डोज़ लोगों + Up | मिनीमाइज एप को रीस्टोर एवं रीर्स्टोड एप को मेक्सीमाइज करने के लिये । |
| विण्डोज़ लोगों + Down | मेक्सिमाइज़ड एप को रीस्टोर करना, रीस्टोर्ड एप को मिनीमाइज करना |
| विण्डोज़ लोगों + Pg Up | वर्तमान एप को मोनीटर के बायीं ओर ले जाना |
| विण्डोज़ लोगों + Pg Dn | वर्तमान एप को मोनीटर के दायीं ओर ले जाना |
| विण्डोज़ लोगों + Prtsc | वर्तमान स्क्रीन को केपचर करना एवं पिक्चर्स फोल्डर में सेव करना |
| विण्डोज़ लोगों + Ctrl + D | एक आभासी डेस्कटॉप बनाना |
| विण्डोज़ लोगों + Ctrl + Right | अगले वर्चुअल डेस्कटॉप पर स्विच करना |
| विण्डोज़ लोगों + Ctrl + Left | पिछले वर्चुअल डेस्कटॉप पर स्विच करना |
| विण्डोज़ लोगों + Ctrl + F4 | वर्तमान वर्चुअल डेस्कटॉप बंद करना |
| विण्डोज़ लोगों + Tab | टास्क व्यू ओपन करना (जो हर चलित (रनिंग) एप एवं उपलब्ध वर्चुअल डेस्कटॉपों के थम्बनेल प्रदर्शित करता है) |

कार्य - 2 : **विण्डोज़ की सभी शार्टकट कुंजिओं का अभ्यास करके उनका विवरण नीचे दिये गये टेबल में लिखें ।**

| क्र.सं. | शार्टकट की (कुंजी) | विवरण |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

1 अपने अनुदेशक से चेक करायें ।

## दस्तावेज़ प्रिन्ट (मुद्रित) एवं स्केन करना (Print and scan documents)

**उद्देश्य:** इस अभ्यास के अन्त में आप करने में सक्षम हो जाएगे

- **इमेज को स्केन करके सेव करना**
- **इमेज या डॉक्यूमन्ट को प्रिंट करना ।**

### आवश्यकताएँ (Requirements)

**औज़ार/उपकरण**

- MS ऑफीस सहित PC - 1 प्रति प्रशिक्षणार्थी

## प्रक्रिया (PROCEDURE)


कार्य - 1 : **इमेज को स्केन करके सेव करना**

स्केन की हुई फाइलों को विण्डोज़ फेक्स स्केन का उपयोग करके सेव/संरक्षित करना ।

1 विण्डोज़ "प्रिन्टर्स एंड स्केन" प्रोग्राम खोलें ।


2 टूलबार में दिये हुये न्यू स्केन बटन पर क्लिक करें ।(Fig 1)

Fig 1




3 स्केनर सेक्शन में चेंज बटन पर क्लिक करके विभिन्न स्केनर देखकर चुन सकते हैं ।(Fig 2)

Fig 2




4 प्रोफाइल सेक्शन में जाकर, उस फाइल का चयन करें जो आप फोटो या दस्तावेजों के रूप में स्केन करने के लिये जा रहे हैं ।

5 यदि आप चाहें, तो अन्य डिफॉल्ट सेटिंग्स बदल सकते हैं ।

6 स्केनर में हार्डकॉपी की स्केनिंग की शुरूआत करने के लिये स्केन बटन पर क्लिक करें ।

कार्य - 2 : **इमेज या डाक्यूमेन्ट को प्रिंट करना**

1 स्केनिंग के पूरा होने के बाद, फाइल मेनू पर क्लिक करें और तब प्रिंट विकल्प पर क्लिक करें । हम फाइल को PDF के रूप में सेव करेंगे । (Fig 3)

2 प्रिन्टर ड्रॉप डाउन बॉक्स में से माइक्रोसॉफ्ट प्रिंट टू PDF चुनिये एवं प्रिंट बटन पर क्लिक करें । (Fig 4)

3 सेव प्रिन्ट आउटपुट एस डाएलोग बॉक्स में अपनी स्केन की हुई फाइल का नाम लिखिये ।

Fig 3







Fig 4



4 फाइल सेव करने के लिये जगह चुनें । (Fig 5)

Fig 5




5 PDF फाइल के रूप में सेव करने के लिये सेव बटन पर क्लिक करें ।

6 अपने अनुदेशक से इसकी जाँच करायें ।

— — — — — — — —